प्रेस विज्ञप्ति

प्रदेश के विद्यार्थियों को अब एक वेबसाइट से मिलेगी सभी जानकारियां https://hshec.org वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों की जानकारी हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. कुठियाला ने प्रदेश के नीजि एवं शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को ऑनलाइन बैठक में दी जानकारी 20 मई 2021- प्रदेश के सभी शासकीय एवं नीजि विश्वविद्यालयों के बारे में जानकारी अब एक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। यह वेबसाइट प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। प्रदेश की एकीकृत्र शिक्षा व्यवस्था को सर्व सुलभ बनाने के लिए हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् ने https://hshec.org वेबसाइट का निर्माण किया है।

परिषद् की इस वेबसाइट पर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम, कोर्स, शुल्क और नामांकण के लिए उपलब्ध सीट की जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध होगी। उक्त बातें परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने प्रदेश के सभी शासकीय एवं नीजि विश्वविद्यालयों के कुलसचिव एवं नोडल अधिकारी को संबोधित करते हुए ऑनलाइन बैठक में कही। प्रो. कुठियाला ने कहा कि वेबसाइट का निर्माण परिषद् ने किया है लेकिन इस पर अधिकार प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का है। सभी विश्वविद्यालय अपनी अपडेट जानकारिकयों को इस वेबसाइट पर अपडेट कर सकते है। उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट पर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों का प्रोफाइल भी अपडेट किया जा रहा है। जिससे कही भी कोई विद्यार्थी अपने शिक्षकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। प्रो. कुठियाला ने कहा कि वेबसाइट पर परिषद् की सभी कार्यवाही समयानुसार अपडेट होती रहेगी जिससे विश्वविद्यालयों को अपने रूटिंग को फॉलों करने में कोई परेशानी नहीं हो। गौरतलब है कि परिषद् के वेबसाइट https://hshec.org का निमार्ण दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के मदद से की गई है।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के इस वेबसाइट का निर्माण करने वाली टीम के डॉ. अनिल बेरवाल ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और नोडल अधिकारियों को लाइव डिमोंस्ट्रेशन कर बताया कि कैसे परिषद् की यह वेबसाइट कार्य करेगी। डॉ. बेरवाल ने ऑनलाइन बैठक में बताया कि वेबसाइट पर कंटेंट अपलोड करने के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक नोडल अधिकारी बनाया गया है। नोडल अधिकारी अपने विश्वविद्यालय की सूचनाएं वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के डॉ. हरमेन्द्र अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में परिषद् के सलाहकार के .के. अग्निहोत्री समेत 42 विश्वविद्यालयों के कुलसचिव एवं नोडल अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का हार्दिक आभार परिषद् की सहायक प्राध्यापिका राधिका प्रजापति ने व्यक्त की।

सादर,

श्री के.के. अग्निहोत्री

सलाहकार

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद्